आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आंध्र प्रदेश के दौरे पर 13 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी श्रीशैलम में पूजा अर्चना के बाद कुरनुल में जनसभा को संबोधित करेंगे।
- "मेरा बूथ सबसे मजबूत" अभियान के तहत बिहार में चुनाव प्रचार की शुरूआत–प्रधानमंत्री ने महिला रोजगार योजना को एक नया अवसर बताया ।
- मुख्य सचिव ने अंडमान निकोबार के चार स्थानों पर कोपरा यूनिट्स का उद्घाटन किया। इन युनिट्स से नारियल किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा ।
- दीपावली पर मरीना पार्क में आज से दो दिवसीय स्वयं सहायता समूह मेला आयोजित हो रहा है। द्वीपसमूह की महिला उत्पादकों को मिलेगा बड़ा बाजार।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आंध्रप्रदेश के नंदयाल जिले के श्रीशैलम में श्री भ्रामराम्ब मल्लिकार्जुन स्वामी वर्ला देवस्थानम में पूजा–अर्चना करेंगे। वे श्री शिवाजी स्फूर्ति केन्द्र भी जाएंगे। श्री मोदी कुरनूल में 13 हजार चार सौ तीस करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं उद्योग, विद्युत वितरण, सड़क, रेल, रक्षा विनिर्माण, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस क्षेत्र की हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। उन्होंने "मेरा बूथ सबसे मजबूत" अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की और सभी परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी देने की अपील की। प्रधान मंत्री ने राज्य में दोहरी दिवाली मनाने का आह्वान किया, जिसमें 20 अक्टूबर को दीपावली और 14 नवंबर को एनडीए की विजय के रूप में दिवाली मनाई जाएगी।

उन्होंने बिहार की महिला रोजगार योजना का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य की 1 करोड़ 20 लाख महिलाओं के खातों में 10,000 रूपये भेजे गए हैं, जो रोजगार की शुरुआत का संकेत है।

प्रधानमंत्री ने आर जे डी शासन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार के युवा आज उस बुरे दौर को नहीं देख पाए, जब राज्य पिछड़ रहा था। उनका कहना था कि अब बिहार में सकारात्मक बदलाव आ चुका है, जिसका सबसे बड़ा फायदा युवाओं को हो रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीएसटी सुधारों से पूरे देश को लाभ हो रहा है। इन सुधारों से हरियाणा की अर्थव्यवस्था को भी काफी बढ़ावा मिला है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अमरीका द्वारा भारत पर लगाया 50 प्रतिशत शुल्क भारत के विकास के लिए चिंता का विषय नहीं है। वाशिंगटन डीसी में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–विश्व बैंक की बैठकों के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति अमरीकी टैरिफ के नकारात्मक प्रभाव कम कर देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के बावजूद वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल–सितंबर की पहली छमाही में भारत का अमरीका को निर्यात बढ़कर 45 अरब 82 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 40 अरब 42 करोड़ डॉलर के आंकड़े से 13 दशमलव 3 प्रतिशत अधिक है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल लिटिल अंडमान, कार निकोबार, कामोर्टा और कैम्पबेल बे में कोपरा ड्राइंग यूनिट्स का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि ये इकाइयाँ नारियल किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी। कार्यक्रम में कृषि सचिव, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने यूनिटों में सुरक्षा, प्रशिक्षण और नियमित निगरानी पर जोर दिया। प्रत्येक यूनिट में 2000 नारियल सुखाने की क्षमता और वैक्यूम पैकेजिंग मशीन लगाई गई है। कार निकोबार जिला उपायुक्त ने कहा कि इकाई चलाने के लिए स्वयं सहायता समूह का चयन किया गया है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में 'सार्थिनी' योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए हल्के मोटर वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत समिति प्रमुख दीपांकर मिस्त्री ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी, परिवहन विभाग के मोटर वाहन निरीक्षक तथा एसबीआई आर–सेती के निदेशक उपस्थित रहे। पहले ही दिन 35 महिलाओं ने 30 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

<><><><><><><>

दीपावली के अवसर पर अंडमान निकोबार ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से आज से मरीना पार्क में दो दिवसीय 'एसएचजी मेला' आयोजित किया जा रहा है। मेले में स्थानीय स्वयं सहायता समूह द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएँ, गृह सज्जा सामग्री, त्योहार सम्बन्धी सामान, हस्तशिल्प और घरेलू खाद्य उत्पाद प्रदर्शित व बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयोजन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। मेला शाम तीन से रात नौ बजे चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से बिडनाबाद में 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे 'जागरूकता सह पंजीकरण शिविर' आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और मौके पर ही उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। बोर्ड ने बताया कि शिविर में श्रमिकों को चिकित्सा सहायता, बीमा, शिक्षा सहायता, पेंशन जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर फरारगंज में व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्थानीय कृषि उत्पादों और मोटे अनाज से बने पौष्टिक व्यंजनों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने ने कहा कि प्राकृतिक और पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन की नींव है। इस प्रतियोगिता में 12 ग्राम संगठनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मीठाखाड़ी का ग्राम संगठन 'संस्कार' पहले, फरारगंज का 'आदर्श' दूसरे और हम्फ्रीगंज का 'रोजरी' तथा गुप्तापाड़ा का 'नईम किरण' संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

<><><><><><><>